अपील सूचना अधिकार संख्या 57/2024 (GCMS 2024/ 215)(आईटीआई पोर्टल नं. (22901065414092) सुखदेव पुत्र उम्मेदराम निवासी वार्ड नं. गुरूद्वारा रोड़, गांव 25 पीएस, पोस्ट ऑफिस रायसिंहनगर **बनाम उपखण्ड अधिकारी,** रायसिंहनगर

08.10.2024

पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी श्री सुखदेव सिंह यह अपील सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 19(1) के तहत उपखण्ड अधिकारी रायसिंहनगर के विरूद्ध ऑनलाईन प्रस्तुत की गई है और अपीलार्थी के ऑनलाईन आवेदन पत्र के संलग्न दस्तावेजों में प्रार्थी द्वारा 07 बिन्दुओं की सूचना ग्राम पंचायत लिखमेवाला पंचायत समिति रायसिंहनगर, जिला अनूपगढ़ से चाही गई है।

चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना उपखण्ड अधिकारी, रायसिंहनगर/ग्राम पंचायत लिखमेवाला, पंचायत समिति, रायसिंहनगर, जिला अनूपगढ़ से सम्बन्धित है। **अद्योहस्ताक्षरकर्त्ता को अनूपगढ़ जिले के उपखण्ड अधिकारी/ग्राम पंचायत के विरूद्ध अपील सुनने का क्षेत्राधिकार नहीं है। इसलिए अपीलार्थी वांछित सूचना हेतु अनूपगढ जिले के प्रथम अपीलीय अधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तुत करने के लिए स्वतन्त्र है।** क्षेत्राधिकार के बिन्दु पर अपीलार्थी की अपील यहां से खारिज करने योग्य है।

अतः उक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थी की अपील यहां से खारिज की जाती है। अपील दर्ज रजिस्टर हो।अपीलार्थी को आरटीआई पोर्टल के माध्यम से सूचित किया जावे। पत्रावली बाद तरतीब़ तकमी़ल दाखि़ल दफ़्तर हो।

यह आदेश आज दिनांक 08.10.2024 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Manju
Date: 2024.11.26 17:35:37 IST
Reason: SelfAttested

(डॉ. मन्जू)
जिला कलक्टर
श्रीगंगानगर

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official